## खबर संक्षेप

### रानी दुर्गावती छात्रावास में चूल्हे पर खाना बनाने का वीडियो वायरल

**अधीक्षिका के बाद जिला अधिकारी को भी नोटिस, वेतन से कटेगा पैसा**

**मैहर।** मैहर जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या छात्रावास में पिछले दो महीनों से भोजन न मिलने और छात्राओं द्वारा चूल्हे पर खाना बनाने के मामले में एक्शन हुआ है। गुरुवार की दोपहर को इस समाचार के वायरल होने के महज एक घंटे के भीतर ही पूरा प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। मैहर कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के कड़े निर्देश के बाद जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए छात्रावास की अधीक्षिका पुष्पलता सिंह को तत्काल नोटिस थमाया है। वहीं गुरुवार की देर रात इस मामले में दोषी पाए गए जिला आदिम जाति कल्याण अधिकारी कमलेश शुक्ला को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। यह पूरा मामला तब उजागर हुआ जब छात्रावास के भीतर का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इस वीडियो में छात्राएं कड़ाके की धूप और गर्मी के बीच लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती नजर आ रही थीं।

### जन सुरक्षा को लेकर निगम अलर्ट, वर्षा पूर्व 13 जर्जर भवनों पर कार्रवाई तय

**सतना।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत चिन्हित 13 जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण भवनों पर वर्षा ऋतु से पूर्व कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश डॉ.शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम सतना द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि ऐसे भवन,जो बारिश के दौरान आमजन की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं,उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी कर त्वरित कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जर्जर भवनों को हटाने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि जर्जर भवनों के आसपास सावधानी बरतें तथा किसी भी संभावित खतरे की सूचना तत्काल निगम प्रशासन को उपलब्ध कराएं,जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाकर जनहानि की संभावना को रोका जा सके।

### जिलहरी को घोषित किया जाये पर्यटन स्थल

**स्लीमनाबाद।** ग्राम पंचायत गौरहा में प्राकृतिक पावन स्थल जिलहरी को पर्यटन स्थल घोषित करने को लेकर सरपंच सुनील यादव के द्वारा बहोरीबंद जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल होने आये राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को ज्ञापन सौंप मांग की गई। ज्ञापन सौंप जिलहरी धाम की विशेषता से राज्यमंत्री को अवगत कराया गया जिसपर राज्यमंत्री ने आश्वासन दिलाया कि जल्द ही इस मांग को पूरा किया जायेगा।

### दुर्घटना पीड़ित का होगा डेढ़ लाख रूपये तक का कैशलेस उपचार

**कटनी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार) योजना लागू की गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को डेढ़ लाख तक मुफ्त ईलाज सरकारी एवं चिन्हित प्रायवेट अस्पतालों में मिलेगा। यदि दुर्घटना पीड़ितों को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। सड़क दुर्घटना पीड़ित, राह-वीर या दुर्घटना स्थल पर उपस्थित कोई भी व्यक्ति 112 डायल करके निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी प्राप्त कर सकता है और एम्बुलेंस सहायता लें सकता है। योजना अन्तर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर हुई दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों की अवधि तक प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने का प्रावधान है।जीवन को खतरे में नहीं डालने वाले मामलों में अधिकतम 24 घंटे तक तथा जीवन के लिये घातक मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाईजेशन उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

# राम भरोसे सतना रेलवे स्टेशन! कैमरे 'अंधे', जेबकतरे 'चौकस'; यात्री ने गंवाए हजारों, जीआरपी के हाथ खाली

**लाखों के सुरक्षा उपकरण पड़े हैं बंद,जीआरपी और आरपीएफ की खुली पोल; पीड़ित यात्री दुखों का पहाड़ लेकर लौटा**



**सतना।** यदि आप सतना रेलवे स्टेशन से यात्रा करने की सोच रहे हैं,तो अपनी जेब और सामान की सुरक्षा खुद ही तय कर लें।रेल प्रशासन के भरोसे रहेंगे तो चूना लगना तय है। ऐसा हम नहीं,बल्कि स्टेशन परिसर की वो हकीकत कह रही है जिसने एक बार फिर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) और शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं।

### भीड़ का फायदा उठाकर काटी जेब,रोता रहा यात्री

ताजा मामला जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस का है। सतना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आते ही जैसे ही एक यात्री जनरल कोच में चढ़ने लगा,घात लगाए बैठे शातिर जेबकतरों ने उसकी जेब साफ कर दी। पीड़ित यात्री के मुताबिक,उसकी जेब में हजारों रुपए रखे हुए थे। दिल दहला देने वाली बात यह है कि वह पीड़ित अपने किसी रिश्तेदार के यहाँ एक शोक कार्यक्रम (दुखद घटना) में शामिल होने जा रहा था,लेकिन स्टेशन पर हुए इस हादसे ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा।

### जांच करने पहुंचे तो 'अंधे' निकले तीसरी आंख के कैमरे

घटना के बाद पीड़ित यात्री ने जीआरपी को मौखिक रूप से मामले की शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी की टीम जब तत्परता दिखाते हुए आरोपी की पहचान और सुराग तलाशने के लिए आरपीएफ के सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंची,तो वहां का नजारा देखकर पैरों तले जमीन खिसक गई। स्टेशन की सुरक्षा का दम भरने वाले और चप्पे-चप्पे पर नजर रखने का दावा करने वाले 'तीसरी आंख' यानी सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े थे। कैमरे बंद होने की वजह से पुलिस को जेबकतरों का कोई सुराग नहीं मिल सका।

### यात्रियों के लिए बड़ी चेतावनी

सतना रेलवे स्टेशन पर अगर आपके साथ कोई आपराधिक घटना होती है,तो उसके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे। क्योंकि यहाँ सुरक्षा के नाम पर लगे कैमरे सिर्फ 'शोपीस' हैं। जब कैमरे ही बंद हैं,तो जीआरपी और आरपीएफ अपराधियों तक कैसे पहुंचेगी? अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है।

### 20 साल पुराना इतिहास बड़े नेता भी नहीं रहे सुरक्षित

सतना रेलवे स्टेशन पर जेब कटना कोई नई बात नहीं है। इस स्टेशन का इतिहास गवाह है कि यहाँ आम तो क्या,खास लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। आज से ठीक 20 साल पहले इसी सतना रेलवे स्टेशन पर मध्य प्रदेश के एक कद्दावर और बड़े नेता की जेब काट ली गई थी,जिसमें उनके 20 हजार रुपए पार हो गए थे। दो दशक बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर वो कौन सा 'अंतर्राज्यीय या स्थानीय गैंग' है जो सतना स्टेशन को अपना गढ़ बना चुका है? और उससे भी बड़ा सवाल रेल प्रशासन से कि आखिर लाखों रुपये के सीसीटीवी कैमरे किसके भरोसे बंद पड़े हैं?

# हेड पोस्ट आफिस में ब्लेड से बैग काटकर चोरी



लाइन में खड़ी महिला अभिकर्ता के बैग से 77 हजार रुपए चुराए

**सतना।** मुख्य डाकघर में शुक्रवार को एक महिला डाक अभिकर्ता के बैग से 77 हजार रुपए की चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने ब्लेड से बैग काटकर इस वारदात को अंजाम दिया। यह घटना जयस्तंभ चौक स्थित मुख्य डाक विभाग में हुई। पीड़ित अभिकर्ता श्रीमती कंचन अग्रवाल पति शिवकुमार निवासी डाली बाबा पंजाबी मोहल्ला ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। इस घटना के बाद डाकघर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार,कंचन अग्रवाल शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे जयस्तंभ चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया से 86 हजार रुपए निकालकर मुख्य पोस्ट ऑफिस पहुंची थीं। उनके बैग में रुपए रखे हुए थे। वह 7 हजार रुपए जमा करने के लिए डाकघर की लाइन में खड़ी थीं। सीसीटीवी में दो संदिग्ध महिलाएं दिखाई दीं इसी दौरान,भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके बैग में चीरा लगाया और 77 हजार रुपए निकाल लिए। कुछ देर बाद जब कंचन अग्रवाल ने अपना बैग देखा,तो उसमें से रुपए गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही पोस्ट ऑफिस कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तत्काल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। प्रारंभिक जांच में दो महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दी हैं,हालांकि अभी तक उनकी आधिकारिक पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि मुख्य डाकघर परिसर में इस तरह की चोरी की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। सिटी कोतवाली पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध महिलाओं का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मैहर में बीच सड़क पर खूनी संघर्ष: साइड देने को लेकर विवाद, ऑटो चालक ने साथियों संग मिलकर युवक को बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल

**मैहर।** धर्मनगरी मैहर में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए बीच सड़क पर मारपीट का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। महज़ गाड़ी को साइड देने की मामूली बात पर भड़के एक ऑटो चालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष के युवक पर जमकर लात-घूसे बरसा दिए। दोनों पक्षों के बीच हुआ यह हाई-वोल्टेज ड्रामा काफी देर तक सड़क पर चलता रहा,जिससे यातायात भी बाधित हुआ।



इस पूरी वारदात का लाइव वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, घटना मैहर जिला मुख्यालय के एक व्यस्त मार्ग की बताई जा रही है। चश्मदीदों के मुताबिक,एक बाइक सवार युवक और ऑटो चालक के बीच वाहन को साइड देने को लेकर बहस शुरू हुई थी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि ऑटो चालक गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद ऑटो चालक के कुछ अन्य साथी भी वहां पहुंच गए और उन्होंने युवक को घेरकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया।

### बीच-बचाव करने आए लोग भी सहमे

सड़क पर सरेराह चल रहे इस खूनी संघर्ष को देखकर मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की,लेकिन आरोपी इस कदर आक्रोशित थे कि वे किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। पीड़ित युवक सड़क पर गिरकर खुद को बचाता रहा,लेकिन दबंग उस पर ताबड़तोड़ वार करते रहे।

### वायरल वीडियो के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

घटना के दौरान वहां मौजूद किसी राहगीर ने अपने मोबाइल में इस पूरी मारपीट का लाइव वीडियो कैद कर लिया,जो अब इंटरनेट पर जमकर सुर्खियां बटोर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विंध्य में मौसम का यू-टर्न: नौतपा के बीच चली तेज हवाएं,पारा लुढ़कने से मिली बड़ी राहत

**सतना।** जिले में पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी और नौतपा के तीखे तेवरों के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है। गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात चली तेज हवाओं के बाद दिन और रात के तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते शुक्रवार को नौतपा का असर अन्य दिनों की तुलना में काफी कम रहा,जिससे झुलसते सतना वासियों ने बड़ी राहत की सांस ली है।

### नहीं बजी मोबाइल की घंटी, हीटवेव का अलर्ट गायब

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के कारण नागरिकों के मोबाइल फोन पर लगातार आ रहे हीटवेव (लू) के अलर्ट की घंटी शुक्रवार को शांत रही। मौसम के मिजाज में आए इस सकारात्मक बदलाव के कारण प्रशासन की ओर से कोई नया अलर्ट जारी नहीं करना पड़ा।

### तापमान में गिरावट, हवाओं ने घोली राहत

हालांकि,ज्योतिषीय और मौसमी गणना के अनुसार अभी नौतपा का दौर चल रहा है,लेकिन रात में चली ठंडी और तेज हवाओं ने सूरज के तेवरों को ढीला कर दिया। शुक्रवार को दिनभर आसमान का रुख बदला-बदला रहा,जिससे लोग भीषण उमस और लू के थपेड़ों से बचते नजर आए।



### अधिकतम तापमान 39.5C सामान्य से कम,गर्मी से राहत

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नौतपा के दौरान इस तरह का बदलाव स्थानीय मौसमी सिस्टम और तेज हवाओं के चलने के कारण हुआ है। भले ही नौतपा अभी जारी है, लेकिन इस गिरावट से आगामी एक-दो दिनों तक लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

# लायन पवन मलिक को सर्वश्रेष्ठ न्यूज़ लेटर का प्रथम पुरस्कार मिला



**सतना।** लायंस इंटरनेशनल मल्टीप्ल डिस्ट्रिक्ट 3233 की नौवीं कॉन्फ्रेंस 'उर्विष' का भव्य आयोजन 24 मई 2026 को इंदौर स्थित मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल के द्वितीय अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष लायन मनोज शाह (केन्या) रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता मल्टीप्ल काउंसिल चेयरपर्सन लायन मनीष शाह ने की।लायन पवन मलिक को सर्वश्रेष्ठ न्यूज़ लेटर का प्रथम पुरस्कार मिला। इस गरिमामयी आयोजन में विदेशों सहित देश के 10राज्यों से आए 2,500 से अधिक प्रमुख पदाधिकारियों एवं लायन सदस्यों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मल्टीपल अवॉर्ड कमेटी के चेयरमैन लायन सुमेर जैन के नेतृत्व में पास्ट मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन राजेंद्र तिवारी ने लायंस मल्टीप्ल डिस्ट्रिक्ट के पांच प्रांतों में सर्वश्रेष्ठ न्यूज़ लेटर प्रकाशन के लिए डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की। मल्टीप्ल काउंसिल के चेयरपर्सन लायन मनीष शाह,सेक्रेटरी लायन सुनील अरोरा एवं कोषाध्यक्ष लायन सुधीर जैन ने लायन पवन मलिक को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया।

# अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने समाज हित में लिए महत्वपूर्ण निर्णय



31 मई को किया जाएगा प्रतिभा-जननी समारोह का आयोजन

**मैहर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा जिला इकाई मैहर ने प्रेस वार्ता कर बताया है कि अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के द्वारा 31 मई को स्थानीय पटेल मैरिज गार्डन में 11 बजे उत्कृष्ट नंबर पाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्वेश कटियार राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा.कु.क्ष.महासभा रहेंगे। जब कि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.रश्मि सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ उपस्थित रहेंगी। आज आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज की एकता,शिक्षा,युवा विकास एवं सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, अशिलेश सिंह भरहुत प्रदेश महासचिव,अयोध्या सिंह,प्रदेश सचिव,अशिलेश पटेल जिला अध्यक्ष, जयपाल सिंह मुख्य सचिव,निलेद् प्रताप सिंह महासचिव,राजेन्द्र सिंह महासचिव,विक्की भैया यूथशहर अध्यक्ष,दीप सिंह सदस्य,राम जियमन सिंह युवा साथी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



# सीमेंट फैक्ट्री से लोहे के एंगल चोरी करने पर 3 आरोपी गिरफ्तार

**मैहर।**

सीमेंट फैक्ट्री की बाउंड्री से लोहे के एंगल और रोलर पाइप चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर डेढ़ लाख का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 26 मई की रात को अज्ञात बदमाशों ने आरपीसीपीएल फैक्ट्री की बाउंड्री में लगे लोहे के एंगल और अंदर रखे रोलर पाइप चोरी कर लिए थे,जिसकी शिकायत अगले दिन सिक्योरिटी गार्ड अवधेश सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराया।तब कायमी कर जांच-पड़ताल प्रारंभ की गई और मुखबिरों के अलावा तकनीकी साक्ष्य जुटाते हुए संजू पुत्र शरद सिह 55 वर्ष,निवासी पुरानी बस्ती-मैहर,रजनीश पुत्र राजाराम कुशवाहा 33 वर्ष,निवासी सरलानगर और पवन पुत्र सोनेलाल जायसवाल 27 वर्ष,निवासी लोही,को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपियों ने चोरी का जुर्म कबूल कर लिया।उनकी निशानदेही पर लगभग डेढ़ लाख का सामान भी जब्त किया गया।

# गेहूं खरीदी में बड़ा खेल उजागर,किसानों के अनाज में सेंध का आरोप

**भाकियू के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने उठाए सवाल, किसानों से सजग रहने की अपील**

**सतना।**

जिले में चल रही गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह ने खरीदी केंद्रों पर किसानों के अनाज की तौल और बोरी गिनती में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए पूरे मामले का खुलासा किया है।उनका कहना है कि गेहूं खरीदी के नाम पर किसानों की मेहनत की फसल में सुनियोजित तरीके से चोरी की जा रही है, जिसकी जानकारी अधिकांश किसानों को नहीं लग पा रही। ठाकुर प्रसाद सिंह के अनुसार खरीदी केंद्रों में अलग-अलग तरीके अपनाकर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कहीं बोरी भराई में वजन बढ़ाकर खेल किया जा रहा है,कहीं कांटा फिक्सिंग के जरिए तौल प्रभावित की जा रही है,तो कहीं बोरियों की गिनती में गड़बड़ी कर किसानों के गेहूं को कम दिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उचेहरा तहसील अंतर्गत सहकारी समिति बिहटा में ऐसा मामला स्पष्ट रूप से सामने आया,जहां 25-25 बोरियों की गिनती के बीच 3 से 5 बोरी अतिरिक्त छिपाकर सीधे लॉट में डाल दी जाती थी। किसान को केवल 25 बोरी का हिसाब बताया जाता था,जबकि वास्तविक संख्या अधिक होती थी। इससे किसान को अपनी उपज का सही हिसाब नहीं मिल पाता और उसकी मेहनत का अनाज बिना जानकारी के कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसान अपने अनुमान से समझ तो जाता है कि उपज कम निकली है,लेकिन व्यवस्था और जल्द तौल की मजबूरी के चलते आवाज नहीं उठा पाता। यही कारण है कि लगातार किसान आर्थिक नुकसान झेल रहा है। किसान यूनियन ने नापतौल विभाग,निगरानी समितियों और खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही किसानों से अपील की है कि वे खरीदी के दौरान अपनी बोरियों की गिनती,तौल और रिकॉर्ड पर स्वयं निगरानी रखें और किसी भी तरह की गड़बड़ी दिखने पर तुरंत आवाज उठाएं। श्री सिंह ने कहा कि किसानों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा, क्योंकि उनकी फसल की सुरक्षा सबसे पहले उनके अपने हाथ में है। उन्होंने किसानों से एकजुट होकर खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग करने की अपील की।

# चित्रकूट में बस की टक्कर से युवक की मौत

**गुजरात नंबर की बस चालक फरार,श्रद्धालुओं को लेकर आई थी**



**सतना।** धार्मिक नगरी चित्रकूट में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से एक युवक की मौके पर मौत हो गई।घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना चित्रकूट के सतना बस स्टैंड के पास सुबह लगभग 11 बजे हुई। गुजरात रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक बस ने सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान राजू पटेल के रूप में हुई है,जो ऑटो चालक था। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू पटेल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और फरार बस तथा उसके चालक की तलाश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,यह बस गुजरात से श्रद्धालुओं को लेकर चित्रकूट आई थी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# दक्षिण पन्ना में तेंदूपत्ता संग्रहण ने रचा नया कीर्तिमान, रिकॉर्ड नीलामी दरों से बढ़ेगी आय

**पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में इस वर्ष ऐतिहासिक सफलता दर्ज की गई है। वनमण्डल को प्राप्त 17,430 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 17,625 मानक बोरा संग्रहण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 101 प्रतिशत से अधिक है। इस उपलब्धि से क्षेत्र के ग्रामीण एवं आदिवासी संग्राहकों में उत्साह का वातावरण है।**

### रिकॉर्ड नीलामी दरों से बढ़ेगा बोनस-

इस वर्ष दक्षिण पन्ना में तेंदूपत्ता लॉट्स की नीलामी में अब तक की सर्वाधिक दरें प्राप्त हुई हैं। पहली बार औसत ऑक्शन दर 5000 प्रति मानक बोरा से ऊपर पहुंची है। वर्ष 2026 में औसत विक्रय दर लगभग 5261 प्रति मानक बोरा दर्ज की गई, जो पिछले वर्षों की तुलना में सबसे अधिक है। अधिकारियों के अनुसार बेहतर गुणवत्ता वाले बीड़ी योग्य पत्तों, शाख कर्तन कार्यों में सुधार एवं पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। इन रिकॉर्ड दरों का सीधा लाभ भविष्य में बोनस एवं प्रोत्साहन राशि के रूप में ग्रामीण एवं आदिवासी संग्राहकों को मिलेगा।



### क्रेताओं से संवाद, अधिक संग्रहण का प्रयास-

वन विभाग द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को अधिक आर्थिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से तेंदूपत्ता क्रेताओं से भी संवाद किया गया है। विभाग ने क्रेताओं से लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ता क्रय करने का अनुरोध किया है, ताकि अतिरिक्त संग्रहण का लाभ सीधे स्थानीय संग्राहकों तक पहुंच सके।

### निगरानी और निरीक्षण से पारदर्शिता-

तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए वन विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा संग्रहण केंद्रों (फड़ों) का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही तेंदूपत्ता क्रेताओं के साथ ऑनलाइन समीक्षा एवं समन्वय बैठकें आयोजित कर संग्रहण और परिदान कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है।

### अवैध तुड़ाई रोकने सख्त अभियान-

दक्षिण पन्ना वनमण्डल के संवेदनशील क्षेत्रों में तेंदूपत्ता चोरी एवं अवैध तुड़ाई रोकने के लिए सघन गश्त एवं निगरानी अभियान चलाया गया। वन अमले ने ग्रामीणों को कच्चे एवं अपरिपक्व पत्तों की तुड़ाई से बचने, निर्धारित नियमों के अनुसार ही संग्रहण करने तथा अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल विभाग को देने के लिए जागरूक किया।

### दक्षिण पन्ना बना सफल मॉडल-

सतत निगरानी, पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया और सक्रिय मैदानी प्रबंधन के चलते दक्षिण पन्ना वनमण्डल तेंदूपत्ता संग्रहण एवं प्रबंधन का एक सफल मॉडल बनकर उभरा है।

## खबर संक्षेप

### चोरी हुई तीन मोटर साइकिलें कीमती करीब डेढ़ लाख रुपये बरामद



**पवई।** वारदात में शामिल चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक अपचारी बालक भी शामिल फरियादी झल्लू सिंह पिता बसंत सिंह निवासी बखतरी, हाल निवासी पवई एवं शरद खटीक पिता दशरथ खटीक निवासी पवई द्वारा थाना पवई में अपनी-अपनी मोटर साइकिलें अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। प्राप्त रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 181/26 एवं 182/26 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पन्ना पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में सक्रिय वाहन चोरों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की पहचान कर उनसे पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने थाना पवई क्षेत्र से दो एवं थाना अमानगंज क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से चोरी गई तीनों मोटरसाइकिलें बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### देशी एवं पारम्परिक भोजन स्वास्थ्य एवं जलवायु के अनुकूल



**पन्ना।** समर्थन संस्था द्वारा रिवाइटलाइजिंग रेनफेड एग्रीकल्चर नेटवर्क एवं वासान स्थानीय संस्था पृथ्वी टस्ट रिलायंस फाउन्डेसन के सहयोग से बीज एवं खाद्य विविधता मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्देश्य पारंपरिक किस्मों से बने स्थानीय व्यंजनों को पुनर्जीवित करना, उनका संरक्षण करना तथा उनका दस्तावेजीकरण करना था। इस मेले में दो विकासखंडों के 12 गांवों से उत्साहपूर्वक सहभागिता देखने को मिली। प्रतिभागियों द्वारा लगभग 40 पारंपरिक व्यंजन प्रदर्शित किए गए, जिन्हें स्थानीय पारंपरिक फसल किस्मों से तैयार किया गया था। विशेष रूप से महिलाओं एवं ग्रामीण समुदायों ने अपने घरों से पारंपरिक भोजन तैयार कर लाकर क्षेत्र की समृद्ध खाद्य संस्कृति और कृषि परंपरा को प्रस्तुत किया। मेंले में कृविकेन्द्र के वैज्ञानिक प्रमुख डा. पी.एन त्रिपाठी ,रीतेश बगोरा ,रिलायंस फाउन्डेसन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार सेगर ,प्रदीप तिवारी, राज्य ग्रमीण आजिविका मिशन के जिला प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ,पृथ्वी टस्ट के निदेशक समीना युसुफ,आर.आर.ए नेटवर्क के शुभदीप ने अपने वक्तव्य रखे । शुभ दीप ने कहा सभी जिलो एवं राज्य के जलवायु के अनुरूप खाद्य परम्परा वनी है उसके अनुरूप ही भोजन अच्छा माना गया है। प्रमोद शुक्ला ने कहा की दीदी लोग आजिविका मिशन से जुड़ कर अपनी आय में वृद्वि कर सकती है। परम्परागत भोजन एवं पकवान जिले में एवं कई फूड मेंलो में रखा जा सकता है और आमदनी का जरिया हो सकता है।

# नुनागर के गुरझा हार में निवासरत पारधी समाज आज भी बुनियादी सुविधाओ के लिए मोहताज

**पन्ना।** शाहनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत नुनागर अंतर्गत गुरझा हार में रहने वाले पारधी समाज के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच यहां के ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को मोहताज हैं और सड़क, नाली तथा शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा शासकीय नल की व्यवस्था तो कराई गई, लेकिन उसमें खारा पानी निकलने के कारण वह पीने योग्य नहीं है। मजबूरी में कई बार लोगों को वही खराब पानी पीना पड़ता है, जिससे पेट में जलन और दर्द जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। पारधी समाज के लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे अपने साथियों के साथ क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद लोधी से भी कई बार मुलाकात कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्धा पेंशन, लाड़ली बहना योजना और पीएम आवास योजना का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी दलालों के माध्यम से रिश्वत मांगी जाती है और रकम देने के बावजूद कार्य लंबित पड़े रहते हैं। पारधी समाज के लोगों ने प्रशासन से जल्द समस्याओं के निराकरण और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

(3) ब्याज के दबाव और कथित प्रताड़ना से परेशान युवक ने खाया सल्फास, डॉक्टर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

अमानगंज। मध्य प्रदेश पुलिस के थाना अमानगंज में एक युवक की आत्महत्या के मामले में डॉक्टर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कर्ज और ब्याज के दबाव के चलते युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार मझगवां शेख निवासी 30 वर्षीय कल्याण सिंह राजपूत ने 12 अप्रैल 2026 को अमानगंज-सिमरिया हिनौता बायपास के पास जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज और बाद में जिला अस्पताल पन्ना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में जिला अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान मृतक के भाई पुष्पेन्द्र सिंह, पिता पहलवान सिंह, पत्नी रीना सिंह सहित अन्य गवाहों के बयान लिए गए। जांच में पता चला कि गांव के अर्जुन यादव को उसकी बहन की शादी के लिए 5 हजार रुपए उधार दिलाने में कल्याण सिंह ने मदद की थी। आरोप है कि उक्त रकम को लेकर अमानगंज निवासी डब्बू उर्फ राघव ताम्रकार ब्याज सहित करीब एक लाख रुपए की मांग कर रहा था। परिजनों के अनुसार घटना वाले दिन कल्याण सिंह ने आरोपी को 75 हजार रुपए दे दिए थे और बाकी 25 हजार रुपए बाद में देने की बात कही थी। इसी बात को लेकर आरोपी ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मार दिया। बताया गया कि इस दौरान परेशान होकर कल्याण सिंह ने सल्फास खाकर आत्महत्या करने की बात कही, जिस पर आरोपी ने कथित रूप से कहा कि "मुझे आज ही पैसे चाहिए, आत्महत्या करनी है तो आज ही कर लो।" घटना के बाद कल्याण सिंह ने अपने भाई को फोन कर पूरी बात बताई और फिर सल्फास खा लिया। पुलिस ने मर्ग जांच, गवाहों के बयान और पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी डब्बू उर्फ राघव ताम्रकार के खिलाफ धारा 108 एवं 115(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मानसून की आहट- बारिश से बचने घरों के छप्पर की छवाई में जुटे ग्रामीण



**पन्ना।** आगामी आषाढ़ मास में बारिश से बचने के लिए शाहनगर मुख्यालय सहित बोरी, बिसानी, टिकरिया समेत ग्रामीण अंचलों में लोग घरों के छप्पर की मरम्मत और छवाई में जुट गए हैं। मानसून की पहली बारिश से पहले ही ग्रामीण परिवार अपने कच्चे मकानों और छप्परों को दुरुस्त करने में लगे हैं। कहीं खपरैल बदले जा रहे हैं तो कहीं छप्पर पर नई घास और पॉलीथिन बिछाई जा रही है। मजदूर और कारीगरों की मांग भी बढ़ गई है। बोरी निवासी रामस्वरूप यादव ने बताया, ष्हर साल बारिश में छप्पर टपकता है। इस बार समय रहते छवाई करवा रहे हैं ताकि अनाज और बच्चों को भीगने से बचा सकें। टिकरिया में छप्पर की मरम्मत कर रहे कारीगर संतोष प्रजापति का कहना है कि पिछले 10 दिन से काम बढ़ गया है। एक घर की छवाई में 2 से 3 हजार रुपये तक खर्च आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मौसम विभाग ने इस बार अच्छी बारिश का अनुमान जताया है, इसलिए पहले से तैयारी कर रहे हैं। शाहनगर क्षेत्र में जून के अंतिम सप्ताह तक मानसून पहुंचने की संभावना है।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल, शाहनगर से कटनी रेफर



### बाइक चालक मौके से फरार, नंबर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**पन्ना।** ग्राम देवरी निवासी 18 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे शाहनगर से कटनी रेफर किया गया है। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। देवरी निवासी फरियादी अभिषेक गडारी पिता छोटे लाल गडारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई 2026 को शाम करीब 6रू30 बजे वह गांव के बाहर राइस मिल के पास पत्थर की चट्टान पर बैठा था। उसी समय उसके गांव का अनिल उर्फ लल्लू गडारी पैदल तलैया की ओर जा रहा था। मेन रोड तलैया के पास शाहनगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक क्रमांक डच 21 ब3021 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अनिल को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अनिल और बाइक चालक दोनों मौके पर गिर गए। अनिल के बाएं पैर की पिंडली और बायीं आंख के ऊपर माथे में गंभीर चोटें आईं। मौके पर अनिल की मां शील कुमारी भी पहुंच गईं। 108 एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए शाहनगर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद अनिल को कटनी रेफर कर दिया। बाइक चालक घटना के बाद अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। शाहनगर पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# मुस्लिम समाज ने गाय को राष्ट्रीय पशु या धरोहर घोषित करने प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





### हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक, देश में सारे बूचड़खाना बंद करने की मांग, गाय से जुड़ी कोई भी चीज का व्यापार न हो, आयात निर्यात पूरी तरह बंद हो।

**देवेन्द्रनगर।** पन्ना जिले के देवेंद्रनगर में जुमा की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज ने मस्जिद सदर मोहम्मद शफी सौदागर के नेतृत्व में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित या राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग को लेकर तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लिखित ज्ञापन सौंपा गया जिसमें सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते समिति के सदस्यों ने आवेदन में कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। प्राचीन काल से ही गाय को पूजनीय माना जाता है तथा दूध, गोबर एवं गोमूत्र का उपयोग कृषि, स्वास्थ्य सहित विभिन्न कार्यों में किया जाता है। देश के अनेक नागरिकों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भावनाएं भी गाय से जुड़ी हुई हैं।मुस्लिम समिति ने कहा कि बकरीद पर्व त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। इसी भावना के तहत समाज में प्रेम, सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। समिति का कहना है कि वर्तमान समय में गायों के संरक्षण एवं सुरक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है और यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है तो इससे उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा उचित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने से समाज में धार्मिक तनाव और कटुता कम होगी, गोकशी से जुड़े संवेदनशील मुद्दों एवं राजनीति पर रोक लगेगी तथा देश में अमन-चौन और भाईचारा कायम रहेगा। अंत में मुस्लिम समिति देवेंद्रनगर ने प्रधानमंत्री से इस विषय पर सकारात्मक विचार करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। आवेदन पर समिति के कई हाफिज इस्लाम,मोहम्मद शफी सौदागर, मोबीन खान,इरशाद खान ,जाहिद राइन सदस्य सहित बड़ी संख्या में युवा मोजूद रहे।

# विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिरः भारतीय शिक्षा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की विश्व स्तरीय अवधारणा

### अमानगंज में जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, साढ़े चार लाख से अधिक का मशरूका जब्त

**अमानगंज, पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ फड़ पर दबिश देकर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नगदी, ताश के पत्ते और वाहनों सहित करीब 4 लाख 67 हजार 500 रुपये का मशरूका जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिलेभर में जुआ और सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना अमानगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पतारा के पास स्थित कब्रिस्तान के समीप कुछ लोग रोशनी की व्यवस्था कर ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं।




सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमानगंज उपनिरीक्षक रवि सिंह जादौन ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने चार आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में आदिल खान, आमिर खान उर्फ दानिश खान, गोलू उर्फ बफाती खान और रोहित खान निवासी रंगरेज मोहल्ला अमानगंज शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 17 हजार 500 रुपये नगद, 52 ताश के पत्ते, एक टाटा इंडिगो कार, एक स्कूटी और एक बुलेट मोटरसाइकिल जब्त की। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 4 लाख 67 हजार 500 रुपये बताई गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अमानगंज थाना में जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन, सउनि राघवेन्द्र प्रधान सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

# समिति सदस्य एवं कानूनविद् अनूप नायर की अध्यक्षता में जन परामर्श बैठक कल

**पन्ना।** समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए विधि विभाग द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के जनपरामर्श के संबंध में रविवार, 31 मई को सुबह 10.30 बजे टाउन हॉल पन्ना में बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर यूसीसी के उच्च स्तरीय समिति सदस्य एवं कानूनविद अनूप नायर उपस्थित रहेंगे तथा उपस्थितजनों से जनपरामर्श के साथ आवश्यक सुझाव भी प्राप्त करेंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित राजनैतिक दल, बार काउंसिल, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े गणमान्य व्यक्ति, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठन तथा सभी समुदाय के प्रतिनिधियों सहित अन्य प्रतिभागी भी उपस्थित रहेंगे। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा जनपरामर्श बैठक में सभी सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# राजेश की मौत के बाद एमसीएक्स मामले में पुलिस की जांच हुई तेज, कई लोगों के नाम आने लगे सामने



**छतरपुर। बीते रोज थाना ओरछा रोड़ थाना अंतर्गत डिजीटल कॉलेज के पास श्रीराम कॉलोनी में एक बंद कमरे में राजेश अग्रवाल की लाश संदिग्ध हालात में मिलने के बाद अब एमसीएक्स की चर्चाएं तेजी से होने लगी है। क्योंकि राजेश अग्रवाल की मौत एमसीएक्स मामले को लेकर हुई है और पुलिस ने इसे गंभीरता से लेकर अपनी जांच भी तेज कर दी है। जांच के दौरान कई सफेदपोश लोगों के नाम भी चर्चाओं में आने लगे है। मृतक का मोबाईल फोन कॉल डिटेल सोशल मीडिया की चैटिंग आर्थिक लेनदेन की जांच पुलिस कर रही है। साथ ही मृतक के लैपटॉप में कई ऐसे खाते भी मिले है, जो राजेश की मौत का राज खोल सकते है।**

प्रारंभिक जांच के दौरान कुछ ऐसे लोगो के संपर्क सामने आए है। जिनसे पूछताछ की जा रही है हालांकि शुक्रवार को अग्रवाल समाज द्वारा राजेश का अंतिम संस्कार तो कर दिया गया लेकिन उसकी चिता की आग तमाम सवालो का जबाव पूछ रही है। सोशल मीडिया में तीन चार नाम तेजी से चल रहे है जिन्हें राजेश अग्रवाल की मौत का जिम्मेदार ठहराने का प्रयास किया जा रहा है। यह पुलिस की जांच का विषय है कि जो ... नाम ... सोशल मीडिया में सामने आ रहे है वह वास्तव में एमसीएक्स मामले और राजेश की मौत से जुड़े है या फिर उन्हें कोई साजिश के तहत इस मामले में फसाना चाहता है। जब तक पुलिस पूरी सच्चाई की जांच नही कर लेती तब तक यह स्पष्ट नहीं होगा कि एमसीएक्स को लेकर ही राजेश ने आत्महत्या की है, वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि कुछ लोग राजेश को ब्लेकमेल करके दबाव बना रहे थे फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्दबाजी में किसी निष्कर्ष तक नही पहुंचा जा सकता है इसके लिए तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर कई महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते है। नगर के लोगों की नजरें अब पुलिस की जांच पर टिकी हुई है कि पुलिस आखिर राजेश की मौत के पीछे की असली बजह क्या पाती है। अब सोशल मीडिया में एक प्रश्न चल रहा है कि अनवर ने ढाबे में राजेश अग्रवाल की कॉलर क्यों पकड़ी थी। असाटी ने 2 लाख की लिमिट क्यों खोली थी, इसके अलावा चिराग नगरिया और कलई जैसे नाम सामने आ रहे है। लेकिन सच्चाई जानने के लिए पुलिस की जांच का इंतजार करना पड़ेगा। जब तक पुलिस जांच करके इस मामले में सच्चाई उजागर नहीं कर देती, तब तक किसी पर आरोप प्रत्यारोप भी लगाना उचित नहीं है। फिलहाल सोशल मीडिया में जो चर्चाए चल रही है उसी आधार पर हम भी नाम देकर प्रशासन का सहयोग कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### सीमांकन नहीं होने पर किसान ने कलेक्टर से लगाई गुहार, आरआई पर रिश्वत लेने का आरोप



छतरपुर। राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बमारी निवासी अनिरुद्ध सिंह बुंदेला ने अपनी जमीन के सीमांकन को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी भूमि का सीमांकन राजनगर तहसील में पिछले एक वर्ष से लंबित है, जबकि तहसीलदार द्वारा दो बार आदेश जारी किए जा चुके हैं। आवेदक का कहना है कि सीमांकन कराने के लिए संबंधित राजस्व निरीक्षक (आरआई) ठाकुरदास अहिरवार से बातचीत हुई थी। आरोप है कि सीमांकन के एवज में 50 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से उन्होंने 20 हजार रुपये पहले ही दे दिए थे। इसके बाद 28 मई को सीमांकन की तिथि तय की गई थी, लेकिन निर्धारित दिन आरआई ने बीमारी का हवाला देते हुए सीमांकन की कार्रवाई नहीं की। अनिरुद्ध सिंह बुंदेला ने आरोप लगाया कि आदेश होने के बावजूद उनकी भूमि का सीमांकन नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर सीमांकन कराने तथा दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### 16 वर्षीय किशोर रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, परिजनों को वृंदावन जाने की आशंका



छतरपुर। शहर के सर्किट हाउस के पीछे स्थित शिव कॉलोनी, पठापुर रोड निवासी 16 वर्षीय कृष्णा खरे पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र खरे बीते 28 मई से लापता हैं। परिजनों के अनुसार कृष्णा गुरूवार दोपहर करीब 3 बजे घर से खेलने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा।परिजनों ने पहले मोहल्ले, रिश्तेदारी और परिचितों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर रात करीब 11 बजे कोतवाली थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि कृष्णा धार्मिक प्रवृत्ति का है और संत प्रेमानंद जी महाराज का भक्त है। वह नियमित रूप से पूजा-पाठ और जाप करता था। इसी कारण परिवार को आशंका है कि वह वृंदावन चला गया हो सकता है। परिजनों के अनुसार गुरुवार 29 मई को दोपहर 12:35 बजे मोबाइल नंबर 7417081722 से फोन आया। परिवार की कृष्णा से बात भी हुई। इस दौरान उसने खाते में पैसे डालने की बात कही, लेकिन जब परिजनों ने उससे उसकी लोकेशन पूछी तो उसने फोन काट दिया। इसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा है।परिजनों का आरोप है कि थाने में उन्हें स्वयं वृंदावन जाकर तलाश करने की सलाह दी गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और किशोर की तलाश की जा रही है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन, उत्कृष्ट खिलाड़ियों सहित प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान

छतरपुर। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला एवं विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सोमवार को महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय स्थित पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों से संवाद कर शिविर के अनुभवों और व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन भी सिखाते हैं।

# भगवत भजन की कोई उम्र नहीं होती

## मन की निर्मलता ही भगवत प्राप्ति का साधन है : दीनबंधु दास

### तृतीय दिवस परिक्षित जन्म एवं विदुर मैत्री और ध्रुव चरित्र की कथा श्रवण कराई



**नौगांव**। जीवन जीना सीखना है तो श्री रामायण से सीखो और मरना सीखना है तो भागवत गीता से सीखो, त्रिवेणी संगम में गंगा, जमुना, सरस्वती का मिलन होता है , मिलन में गंगा जमुना तो दिखाई देती हैं लेकिन सरस्वती को कोई नहीं देख पाता, सरस्वती को देखने के लिए कई बार प्रयास करने पड़ते हैं लेकिन सफलता नहीं मिलती, इसी तरह गीता में विज्ञान, वैराग्य और भक्ति है लेकिन विज्ञान और वैराग्य तो दिखाई देता है लेकिन भक्ति नहीं दिखाई देती, भक्ति को देखने के लिए लीन होना पड़ता है। यह वचन कथा व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज ने ग्राम बिलहरी में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के दौरान कही। इसके अलावा व्यास नारद संवाद परीक्षित जन्म वक्ता के दस लक्षण रसिका भूवि भाविका कुंती चरित्र विदुर मैत्री प्रसंग, चतुश्लोकी भागवत, ध्रुव चरित्र की कथा श्रवण कराई। नगर से लगे ग्राम बिलहरी में माफीदार परिवार के द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी महाराज ने तृतीय दिवस कथा श्रवण करते हुऐ मोक्ष प्राप्ति की कथा श्रवण कराई साथ ही व्यास नारद संवाद, परीक्षित जन्म, रसिका भूवि भाविका, कुन्ती चरित्र सहित विदुर मैत्री प्रसंग, ध्रुव चरित्र की कथा श्रवण कराई। कथा व्यास महामंडलेश्वर दीनबंधु दास ने बताया कि हमेशा मधुर मीठा बोलो। वाणी के सुर सुधार लो, जिस तरह कौवा दिन भर कांय कांय करता है लेकिन कोई नहीं सुनता लेकिन जब कोयल बोलती है तो सब ध्यान से सुनते हैं इसी लिए कोयल बनो कौवा नहीं। जीव का कल्याण भगवत भजन से होगा क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है, प्रभु का भजन जो जीव नहीं करता है पशु के समान होता है। अगर कल्याण चाहते हैं तो जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो हरी भेजों, भगवान का भजन का भजन ही सार है बांकी सब बेकार है और भजन करने की कोई उम्र नहीं होती। इसके अलावा कथा वाचक दीनबंधु दास जी महाराज ने कई प्रसंग सुनाये कथा के मध्य झांकी का भी मंचन किया गया तत्पश्चात आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

# श्री प्रेमानंद जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना से हुआ हवन-पूजन



**छतरपुर**। प्रसिद्ध संत श्री प्रेमानंद जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना को लेकर शहर के संकट मोचन एवं श्री 1008 श्री धनुषधारी मंदिर परिसर में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री 1008 श्री धनुषधारी मंदिर एवं संकट मोचन मंदिर समिति के तत्वावधान में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।हवन-पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर श्री प्रेमानंद जी महाराज के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा दीर्घायु की प्रार्थना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन संपन्न कराया गया, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।इस अवसर पर अरविंद गोस्वामी, राजेंद्र अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने महाराज जी के स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



# आरएलआई विंध्याचल द्वारा ईटी-2025 बैच हेतु तीन दिवसीय "कैंपस टू कॉर्पोरेट" कार्यशाला का किया गया शुभारंभ

आरएलआई विंध्याचल द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल एवं एनटीपीसी सिंगरौली के कार्यकारी प्रशिक्षु-2025 बैच के लिए तीन दिवसीय "कैंपस टू कॉर्पोरेट" कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पेशेवरों को शैक्षणिक जीवन से कॉर्पोरेट जगत में सहज रूप से प्रवेश करने हेतु तैयार करना है। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों के व्यावसायिक, पारस्परिक, संचार, टीमवर्क एवं नेतृत्व कौशल को सुदृढ़ किया जाएगा।कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एनटीपीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा परिवार है जो सीखने, विकास, नवाचार एवं नेतृत्व को निरंतर प्रोत्साहित करता है। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने बताया कि एनटीपीसी तापीय ऊर्जा के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी निरंतर विस्तार कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को जिज्ञासु, संवादशील एवं सतत सीखने के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।डॉ. त्रिपाठी ने प्रशिक्षक श्रीमती अरुणिमा पात्रा, संस्थापक एवं निदेशक, तन्वी कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अनुभवात्मक एवं गतिविधि-आधारित सत्र प्रतिभागियों को अकादमिक जीवन और कॉर्पोरेट वास्तविकताओं के बीच की दूरी को समझने एवं जानने में सहायक होंगे।इस अवसर पर श्री राघवेंद्र प्रसाद, अपर महाप्रबंधक, आरएलआई विंध्याचल, एनटीपीसी सिंगरौली से श्री ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं श्री राहुल प्रसाद, उप महाप्रबंधक (ईडीसी) सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने आरएलआई विंध्याचल द्वारा इस प्रकार के सार्थक विकासात्मक कार्यक्रमों के आयोजन एवं एनटीपीसी सिंगरौली के प्रशिक्षुओं को भी इस उपयोगी प्रशिक्षण अवसर से जोड़ने की सराहना की।तीन दिवसीय यह कार्यशाला कार्यकारी प्रशिक्षुओं को आत्मविश्वास के साथ अपने कॉर्पोरेट जीवन की शुरुआत करने तथा एनटीपीसी की निरंतर प्रगति एवं उत्कृष्टता में प्रभावी योगदान देने हेतु तैयार करेगी।

# होम डिलीवरी ई-बाइकों में भीषण ब्लास्ट, 10 गाड़ियां जलकर राख

### अपोलो क्रॉस मार्केट में मची अफरा-तफरी



**छतरपुर। छतरपुर शहर के व्यस्त बस स्टैंड स्थित अपोलो क्रॉस मार्केट में शुक्रवार को डोमिनोज़ पिज़्ज़ा की होम डिलीवरी वाली ई-बाइकों की बैटरियों में अचानक ब्लास्ट हो गया। इस घटना में करीब 10 डिलीवरी गाडिय़ां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। घटना के समय बाजार में भगदड़ मच गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल छा गया।** स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और कंट्रोल रूम को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की टीम और आसपास के लोगों के सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग इतनी भीषण थी कि आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ई-बाइक खड़ी करने वाली जगह के पास बिजली की डीपी (डिस्ट्रीब्यूशन पैनल) लगी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या पास में पड़े कचरे में लगी आग से बैटरियों में ब्लास्ट हुआ। बैटरियों के फटने से आग तेजी से फैली। घटना ने बाजारों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। इतने बड़े और व्यस्त मार्केट में आग बुझाने के पर्याप्त उपकरण नहीं होने से आग पर काबू पाने में काफी देरी हुई। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होते तो नुकसान सीमित रह सकता था। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुट गई है। डोमिनोज़ कंपनी की ई-बाइक्स की बैटरी क्वालिटी और रखरखाव को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। छतरपुर पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। यदि किसी की लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आंगनबाड़ी सहायिका नियुक्ति का आरोप, जांच नहीं होने से पीड़िता परेशान



छतरपुर। जिले के भगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मालपुरा निवासी फूलकुमारी आदिवासी ने आंगनबाड़ी सहायिका पद पर हुई नियुक्ति को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वर्ष 2022 में उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन किया था, जिसमें मेरिट सूची में उनका नाम प्रथम स्थान पर आया था। इसके बावजूद उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई।फूलकुमारी आदिवासी का आरोप है कि उसी गांव की अनीता सौर ने भी इस पद के लिए आवेदन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अनीता द्वारा फर्जी अंकसूची तथा अलग-अलग परिवार आईडी का उपयोग कर अपने पिता के गरीबी रेखा के राशन कार्ड में नाम मर्ज कराया गया, जिससे उन्हें पात्रता में अतिरिक्त 10 अंक का लाभ मिला। इसी आधार पर उनकी नियुक्ति आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर कर दी गई। पीड़िता का कहना है कि उन्होंने इस मामले की शिकायत कलेक्ट्रेट में की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने सागर संभाग के आयुक्त (कमिश्नर) को भी शिकायत भेजी थी। शिकायत पर कमिश्नर कार्यालय द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक मामले की जांच पूरी नहीं हो सकी और न ही कोई ठोस कार्रवाई सामने आई है।फूलकुमारी आदिवासी ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर भी चर्चा का माहौल बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# ग्राम मबई में मनाया गया माहवारी स्वच्छता दिवस, किशोरियों एवं महिलाओं को किया जागरूक



**बड़ामलहरा। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आईसेक्ट संस्था एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मबई में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं जागरूकता के प्रति प्रेरित करना रहा।**

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजेश राजा, किशोरी बालिकाएं, ग्रामीण महिलाएं एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं ने माहवारी स्वच्छता से जुड़े संदेशों वाले नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान ₹स्वच्छता अपनाएं, बीमारी दूर भगाएं₹ एवं ₹माहवारी है प्राकृतिक प्रक्रिया, इसे शर्म नहीं समझें₹ जैसे संदेश दिए गए। उमंग स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा के परामर्शदाता गौश अहमद ने उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, स्वच्छता के महत्व, पोषणयुक्त आहार तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है और इसके प्रति जागरूकता एवं सही जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों को सैनिटरी पैड के उपयोग, समय-समय पर बदलाव एवं स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में भी जानकारी दी।

# जमीन पर अवैध कब्जे की नीयत से धमकी देने का आरोप, एसपी से शिकायत



**छतरपुर**। सटई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 12, करिया नाला निवासी कुछ पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर को एक शिकायती पत्र सौंपकर अपनी पुश्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की नीयत से गंदगी फैलाने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ितों ने मामले में आदतन अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला?

शिकायतकर्ता नारायणदास कुशवाहा, बालकिशन, कारेलाल, और भागीरथ ने संयुक्त रूप से बताया कि उनकी निजी भूमि पर उनका कब्जा है और वहां नारायणदास कुशवाहा का बीम फाउंडेशन भी बना हुआ है। आरोप है कि क्षेत्र के कुछ लोग जिनमें हजारी, पूरन, लछुआ, धनीराम पिता गबडु कुशवाहा, रामचरन, मनमोहन, पप्पू, सुरेश, बब्लू और उनके सहयोगी प्रेमलाल, लालजू, परसू, मिंटू, काशीराम आदि शामिल हैं उनकी पत्नियां और परिवार के लोग पीड़ित पक्ष की जमीन पर आकर कूड़ा-कचरा और बच्चों की गंदगी फेंकते हैं। पीड़ितों का कहना है कि गंदगी फेंके जाने के कारण वहां घातक बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। इतना ही नहीं, जमीन की सुरक्षा के लिए लगाई गई तार की जाली के एंगल भी तोड़ दिए गए हैं। जब भी पीड़ित परिवार इसका विरोध करता है, तो आरोपी पक्ष के लोग लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाते हैं और मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हैं।

शिकायती पत्र के अनुसार यह विवाद काफी पुराना है। इससे पहले भी दिनांक 09.08.2025 को फेंसिंग को लेकर गंभीर मारपीट हो चुकी है, जिस पर पुलिस थाना सटई में अपराध दर्ज है। इसके अलावा, इसी जमीन से जुड़ा एक मामला अपर कलेक्टर छतरपुर के समक्ष वर्तमान में विचाराधीन है। परेशान होकर नारायणदास, बालकिशन, भागीरथ, परमलाल, छोटेलाल, नाथूराम कुशवाहा सहित अन्य ग्रामीणों ने आवेदन सौंपकर छतरपुर एसपी से गुहार लगाई है कि वे सटई पुलिस को निर्देशित करें ताकि इन आदतन अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# ओबीसी महासभा ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नौगांव**। शुक्रवार को ओबीसी महासभा के बैनर तले विभिन्न जनसमस्याओं एवं मांगों को लेकर नौगांव में प्रदर्शन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य बाजार से होते हुए तहसील चौराहे तक रैली निकालकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। इसके बाद अनुभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान ओबीसी महासभा ने नौ बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से लगातार हो रही विद्युत कटौती, समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध न होना, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम तथा गांव-गांव में अवैध रूप से बिक रही शराब पर रोक लगाने जैसी मांगों को शामिल किया गया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर नारेबाजी भी की। संगठन के पदाधिकारियों का कहना था कि आम जनता महंगाई एवं मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं से परेशान है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। ज्ञापन लेने के लिए नौगांव जनपद पंचायत सीईओ प्रभास घनगोरिया पहुंचे। इस दौरान ओबीसी महासभा की जिला अध्यक्ष राजलक्ष्मी कुशवाहा ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच अपनी मांगों को प्रमुखता से रखते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का जल्द निराकरण नहीं हुआ तो संगठन आगे और बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## खबर संक्षेप

### सीवर लाइन व पेयजल पाइप लाइन के टूटने के विरोध में आमजन का प्रदर्शन कल




रीवा। रविवार सुबह 9 बजे रविदास चौराहा (वोडा बाग) पर होगा चक्का जाम, स्थानीय नागरिकों ने सूचना देते हुए बताया कि नीम चौराहा से अजगरहा जाने वाले मार्ग पर लगातार भारी वाहनों (ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि) के गुजरने से सड़क पूरी तरह टूट गई है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि सड़क किनारे बिछी सीवर लाइन और पेयजल की पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिससे क्षेत्र में जल संकट और स्वच्छता की समस्या बढ़ गई है।इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने कलेक्टर रीवा, पुलिस अधीक्षक रीवा और थाना प्रभारी विश्वविद्यालय थाने को लिखित सूचना पत्र भेजा है। पत्र में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यदि प्रशासन द्वारा तत्काल सड़क की मरम्मत, सीवर लाइन और पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की जाती, तो रविवार 31 मई 2026 को सुबह 9:00 बजे रविदास चौराहा, वोडा बाग पर चक्का जाम किया जाएगा।स्थानीय लोगों ने कहा, "हम बार-बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सड़क टूटने से बच्चों और बुजुर्गों को आने-जाने में बहुत परेशानी हो रही है। पानी की पाइपलाइन टूटने से कई घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अब मजबूरन हमें सड़क जाम करना पड़ रहा है।"प्रशासन ने अभी तक इस पत्र पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो रविवार को रविदास चौराहा क्षेत्र में यातायात पूरी तरह ठप रहने की संभावना है।रीवा प्रशासन से अपील स्थानीय जनता ने कलेक्टर और पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे तुरंत संबंधित विभागों को निर्देश दें ताकि सड़क की मरम्मत और पाइपलाइनों की बहाली का कार्य शुरू किया जा सके और चक्का जाम जैसी स्थिति से बचा जा सके।

### उप मुख्यमंत्री ने बर्न यूनिट का किया निरीक्षण, एयर कंडीशनर तत्काल सुधरवाने के दिये निर्देश



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गांधी स्मारक चिकित्सालय परिसर में वर्न यूनिट की आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वर्न वार्ड में एयरकंडीशनर को तत्काल सुधारने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्न वार्ड में स्थापित एसी व कूलर चालू हालत में रहें। यदि इनमें गड़बड़ी आती है तो तत्काल सुधार करायें और वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य एसी या कूलर रखें। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान डीन डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा उपस्थित रहे।

### शहर में पीएनजी कनेक्शन की सुविधा, पाइप लाइन से घर-घर पहुंचेगी गैस

रीवा। रीवा शहर में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) सेवा का विस्तार किया जा रहा है। रीवा के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में इस सेवा का सफल संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ अब लगातार अधिक क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को मिल रहा है।पीएनजी सेवा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी निरंतरता और सुरक्षा है। जिससे उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग एवं आपूर्ति से जुड़ी परेशानियों से राहत मिलती है। यह गैस हवा से हल्की होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से बेहद भरोसेमंद मानी जाती है और एलपीजी के मुकाबले काफी किफायती भी है। सीधे पाइपलाइन से चूल्हे तक पहुँचने वाली यह गैस रसोई में जगह की बचत करती है और उपयोग में भी बेहद सरल है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने इस विस्तार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रीवा के नागरिकों से अपील की है कि वे इस स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा विकल्प को अपनाएं। कंपनी का मानना है कि अधिक से अधिक घरों में पीएनजी का उपयोग न केवल व्यक्तिगत सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण कम करने में भी रीवा के योगदान को सुनिश्चित करेगा। नए कनेक्शन और विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक नागरिक कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधियों से संपर्क कर इस आधुनिक ऊर्जा क्रांति का हिस्सा बन सकते हैं। कंपनी से मोबाइल नम्बर 9424836488 पर अथवा कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# देर रात आंधी-तूफान ने मचाई तबाही



**पेड़- विद्युत पोल हुए धराशायी, बिजली व्यवस्था ठप, पंचमठ मंदिर के पास कार पर गिरा विशाल पेड़, चाकघाट-त्योंथर क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान; जनजीवन हुआ प्रभावित**






रीवा। जिले में गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने व्यापक तबाही मचाई। महज आधे घंटे के भीतर मौसम ने ऐसा विकराल रूप धारण कर लिया कि शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के कारण अनेक स्थानों पर विशाल पेड़, बिजली के खंभे और साइन बोर्ड धराशायी हो गए, जबकि कई मकानों और दुकानों के टीन शेड उड़ गए। विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त होने से जिले के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति घंटों बाधित रही। शहर में पंचमठ मंदिर के समीप स्थित मार्ग पर एक विशालकाय पेड़ तेज आंधी के दौरान अचानक सड़क किनारे खड़ी कार पर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय वाहन में कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात लगभग ढाई बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते आंधी-तूफान ने पूरे जिले को अपनी चपेट में ले लिया। सबसे अधिक प्रभाव तराई क्षेत्र, चाकघाट नगर, त्योंथर तथा आसपास के ग्रामीण अंचलों में देखने को मिला, जहां कई स्थानों पर पेड़ और बिजली के खंभे उखड़कर गिर गए।राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरा विशाल साइन बोर्डचाकघाट थाना परिसर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा भारी-भरकम लोहे का दूरी सूचक साइन बोर्ड तेज हवाओं का दबाव नहीं झेल सका और धराशायी होकर सड़क किनारे जा गिरा। इससे कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि बड़े-बड़े पेड़ तक जड़ से उखड़ गए।घरों और दुकानों को भारी नुकसानतूफान के कारण कई मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं के चलते अनेक घरों के टीन शेड उड़ गए, जबकि कुछ स्थानों पर दीवारें गिरने से मकानों की छतें क्षतिग्रस्त हो गईं। चाकघाट बाजार क्षेत्र में एक दीवार गिरने से एक मकान की छत पूरी तरह प्रभावित हो गई। वहीं कई दुकानों के बोर्ड और अस्थायी संरचनाएं भी टूटकर बिखर गईं। त्योंथर के कॉलेज रोड क्षेत्र में कई पेड़ सड़क पर गिर जाने से यातायात बाधित हो गया। शुक्रवार सुबह परीक्षा केंद्रों की ओर जा रहे छात्र-छात्राओं को रास्ता पार करने और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बिजली व्यवस्था चरमराई, कई गांवों में अंधेराआंधी-तूफान के चलते अनेक स्थानों पर विद्युत पोल और केबल क्षतिग्रस्त हो गए। इसके परिणामस्वरूप चाकघाट, त्योंथर सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। रातभर लोग अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। विद्युत विभाग की टीमों ने सुबह से क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत का कार्य शुरू किया, हालांकि कई क्षेत्रों में समाचार लिखे जाने तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी तूफान थमने के बाद प्रशासन, नगर परिषद, विद्युत विभाग तथा पुलिस की टीमें सक्रिय हो गईं। सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने, विद्युत आपूर्ति बहाल करने और क्षति का आंकलन करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



## कांग्रेस की विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का अभियान : हरीश चौधरी, नवगठित कांग्रेस कमेटियों की बैठक सम्पन्न

रीवा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढेकहा के अध्यक्ष मो. रफीक अंसारी ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी द्वारा नवगठित कांग्रेस कमेटियों की बैठक ढेकहा ब्लॉक के घोघर मण्डलम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 में आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी ने नवगठित वार्ड कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर संगठन निर्माण, स्थानीय जनसमस्याओं तथा जमीनी मुद्दों पर विस्तृत संवाद किया। उन्होंने कहा कि वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने की यह पहल केवल एक संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी को गांव, गरीब, किसान, युवा, महिलाएं, मजदूर एवं समाज के प्रत्येक वर्ग से सीधे जोड़ने का एक व्यापक एवं मजबूत अभियान है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं संगठनात्मक शक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि वार्ड एवं ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियां आने वाले समय में जनता और संगठन के बीच सबसे मजबूत कड़ी साबित होंगी। उन्होंने आगे कहा कि वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर की कांग्रेस कमेटियां स्थानीय समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगी तथा जनता की आवाज को संगठन और शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, पार्षद नज़मा बेगम सहित वार्ड कमेटी क्रमांक 33 के सत्यापन में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन प्रहार-2 के तहत पुलिस को मिली कामयाबी, महिला समेत चार तस्कर गिरफ्तार, 915 शीशी नशीली कफ सिरप सहित दो वाहन और पांच मोबाइल जब्त



रीवा। रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार-2 के तहत रीवा पुलिस को मेडिकल नशे के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह के निर्देशन में चोरहटा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 1.84 लाख रुपये मूल्य की 915 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप, दो वाहन और पांच मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई बीती रात मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई। सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के शिवकंठ नगर टेकुआ स्थित रेलवे पटरी के समीप कुछ लोग बड़ी मात्रा में नशीली कफ सिरप लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही चोरहटा थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान तीन बोरियों में बड़ी मात्रा में अवैध नशीली कफ सिरप बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उक्त कफ सिरप युवाओं और नशे के आदी लोगों को बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान जिन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें अनिकेत सिंह (22) पिता पंकज सिंह, निवासी अमहिया,रावेन्द्र साकेत (35) पिता रामाधार साकेत, निवासी रानी तालाब हरिजन बस्ती,अमरीश शुक्ला (18) पिता अवध बिहारी शुक्ला, निवासी गुढवा भटिगवां टोला, थाना गुढ, रानू उर्फ सपना साकेत (23), निवासी गुलगंज जिला छतरपुर, वर्तमान निवास ट्रांसपोर्ट नगर, रीवा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 915 शीशी प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप (कोरेक्स) कीमत लगभग 1,84,372 बिना नंबर की हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल कीमत लगभग 50,000 होंडा एक्टिवा स्कूटी पांच मोबाइल फोन इस प्रकार कुल लाखों रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। बता दे पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22, 25, 25ए, 29 तथा ड्रग्स कंट्रोल एक्ट की धारा 5/13 के तहत मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय रीवा में पेश किया गया। पूछताछ में सामने आए अन्य कारोबारियों के नामथाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने मेडिकल नशे के कारोबार से जुड़े कई अन्य लोगों के नाम बताए हैं। पुलिस इन सूचनाओं का सत्यापन कर रही है और जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# समर्पण भाव से कार्य कर मातृ मृत्यु दर को कम करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है - उप मुख्यमंत्री

## प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के संयोजकत्व में कार्यशाला संपन्न



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि समर्पण भाव से कार्य कर मातृ मृत्यु दर को कम करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिये राज्य सरकार द्वारा किये गये सतत प्रयासों के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर में आई ऐतिहासिक गिरावट स्वास्थ्य तंत्र की प्रतिबद्धता, जमीनी स्तर पर कार्यरत अमले की मेहनत और आधुनिक तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली का परिणाम है। श्री शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय अन्तर्गत प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा आयोजित मातृ मृत्यु दर को कम करने के संबंध में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का एमएमआर 2018-20 में 173 था जो 2022-24 में घटकर 135 रह गया। यह 38 अंकों यानी लगभग 22 प्रतिशत की गिरावट है जो राष्ट्रीय औसत से दोगुनी से भी अधिक है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, प्रशिक्षित डॉक्टर्स एवं स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आपातकालीन प्रसूति सेवाओं के विस्तार से सकारात्मक अनुपात को 70 से नीचे लाये। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह की 9 व 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत आयोजित होने वाले स्वास्थ्य परीक्षण में डॉक्टर्स अनिवार्यः उपस्थित रहें। आशा कार्यकर्ता प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन करें तथा उनकी नियमित जांच व स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। श्री शुक्ल ने वरिष्ठ चिकित्सकों से अपेक्षा की स्वास्थ्य केन्द्रों की नियमित जांच करें और टेली मेडिसिन को भी बढ़ावा दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के निरंतर विस्तार, आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच से ही इस चुनौती को स्वीकार कर लक्ष्य की प्रगति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता व मातृ मृत्यु दर में कमी में भी हम देश में अपना स्थान प्राप्त करेंगे। अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में रीवा पहला संभागीय मुख्यालय होगा जिसके चारो ओर रिंग रोड व वायपास की सुविधा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मुंबई के टाटा अस्पताल की तरह ही सुविधायुक्त कैंसर अस्पताल निर्माणाधीन है और रीवा मेडिकल हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला में डीन डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से रीवा में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह कार्यशाला उन्हीं के निर्देश पर आयोजित हो रही है जो मातृ मृत्यु दर को कम करने में सहायक होगी। विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग डॉ. पद्मा शुक्ला ने कहा कि कार्यशाला में किये गये विचार मंथन से चिकित्सकों व मैदानी अमले को लाभ मिलेगा और रीवा जिले में मातृ मृत्यु दर को कम से कम करने में सफलता मिलेगी। कार्यशाला में डॉ. नरेश बजाज, डॉ. शशि जैन, संयुक्त संचालक डॉ. अवधिया, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी के बीच जल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने वार्ड स्तर पर होगी मॉनिटरिंग सभी वार्ड इंजीनियरों को सौंपी गई जिम्मेदारी



रीवा। नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने नगर निगम सभागार में शुक्रवार को जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित कर शहर में संचालित जल प्रदाय, सीवरेज, निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए जल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए विकेंद्रीकृत मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने कहा कि जल प्रदाय एवं सीवरेज परियोजनाएं शहर की महत्वपूर्ण आधारभूत सेवाएं हैं। वर्तमान में सीमित अधिकारियों द्वारा इन परियोजनाओं की निगरानी किए जाने से कई बार समस्याओं की जानकारी देर से प्राप्त होती है तथा शिकायतें जनता अथवा मीडिया के माध्यम से सामने आती हैं। इसे देखते हुए अब संबंधित वार्ड के सब इंजीनियर अपने-अपने क्षेत्र में जल प्रदाय, सीवरेज एवं निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और किसी भी समस्या की तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, ताकि समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के दौरान यदि जल प्रदाय लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित वार्ड इंजीनियर द्वारा दी जाएगी तथा मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी तकनीकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। जल प्रदाय लाइन की मरम्मत निर्धारित मानक प्रक्रिया एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही कराई जाएगी, जिससे भविष्य में लीकेज जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान जल लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में संबंधित वार्ड इंजीनियर संविदाकार की जवाबदेही भी तय करेगा और गुणवत्तायुक्त रिपेयर कराएगा। बैठक में निगम आयुक्त ने कहा कि जल प्रदाय, सीवरेज तथा निर्माण कार्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क या अन्य निर्माण कार्यों से पूर्व जल एवं सीवर लाइनों से संबंधित कार्य पूर्ण किए जाएं, ताकि बार-बार खुदाई की आवश्यकता न पड़े और सड़क रेस्टोरेशन कार्य अंतिम चरण में किया जा सके। इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वित कार्यप्रणाली एवं मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश भी दिए।जल कनेक्शन व्यवस्था को अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से निगम आयुक्त ने प्रत्येक वार्ड में उपयंत्री की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गठित करने के निर्देश दिए। इस टीम में संबंधित वार्ड के सब इंजीनियर, जलकर वार्ड प्रभारी तथा स्व-सहायता समूह की महिलाएं शामिल रहेंगी। यह टीम नए जल कनेक्शन प्रदान करने तथा पुराने कनेक्शनों के शिफ्टिंग कार्यों का मौके पर ही परीक्षण एवं निराकरण सुनिश्चित करेगी। बैठक में बताया गया कि नई पेयजल पाइप लाइन में पुराने नल कनेक्शन शिफ्ट कराने हेतु 550 रुपये तथा नया जल कनेक्शन प्राप्त करने के लिए 4000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। निगम आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि नए उपभोक्ताओं से जलकर की वसूली जल प्रदाय प्रारंभ होने के बाद ही की जाए। उन्होंने कहा कि जल प्रदाय, सीवरेज और निर्माण कार्यों के बीच एवं पीडीएमसी की टीम से समन्वय स्थापित कर कार्य करे। योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने से संसाधनों की बचत होगी तथा नागरिकों को अनावश्यक असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। जहां संकरी सड़के है वहां पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता से कार्य करते हुए 20 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे वर्षा के समय रहवासियों को आवागमन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एस एन द्विवेदी कमलेश्वर सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना संभावित स्थल का किया निरीक्षण



मऊगंज। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के सड़क दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय के समीप बरांव रोड एवं नेशनल हाईवे के इंटरसेक्शन प्वाइंट का निरीक्षण कर हाईवे के दोनों ओर ड्रम लगाकर बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिये ताकि वाहनों की गति पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने नेशनल हाईवे के शार्पबेंड को सुगम करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दोनों स्थनों पर संकेतक अवश्य लगवायें। कलेक्टर ने मऊगंज अस्पताल के समीप तिराहे के निरीक्षण के दौरान मेन गेट के अंदर 100 मीटर सड़क निर्माण कराये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग सभी तिराहों व दुर्घटना संभावित स्थलों में ब्रोकर लगाकर साइन बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन, एसडीएम मऊगंज एपी द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मढ़ी में वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन



मऊगंज। जिले की ग्राम पंचायत मुडिला अंतर्गत ग्राम मढ़ी 816 मे ग्राम पंचायत के सचिव दिलीप सिंह द्वारा वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट काउंसलर वित्तीय साक्षरता (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच प्रितिमा चंदन कुशवाहा ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर गांव के वरिष्ठ नागरिक नागेंद्र तिवारी एवं अभिराज कुशवाहा उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र में सबसे पहले उपस्थित जनता का अभिवादन किया सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं की बिंदु बार जानकारी दी उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी योजना का लाभ डायरेक्ट हितग्राही के खाते में जाए इसलिए बैंक में खाता होना अति आवश्यक है अधिकतर लोगों का खाता भी खुला हुआ है परंतु केवाईसी नॉमिनी और मोबाइल नंबर न होने की वजह से कुछ दिक्कतें सामने आती हैं इसलिए सबसे विशेष आग्रह है कि जिस हितग्राही का जी बैंक में खाता हो वहां जाकर अपनी केवाईसी अवश्य चेक कर लें यदि नहीं हुई है तो तुरंत हो जाएगी और वह पूरी तरह से फ्री है उसका कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा इसी तरह से खाते में नॉमिनी के महत्व के बारे में बताया गया बहुत ऐसे लोग हैं कि खाते में नॉमिनी ना होने के वजह से जब उनकी मृत्यु हो जाती है तो परिवार को पैसे लेने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है इसलिए समय रहते नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भर दें ताकि जब आप ना रहे तो बिना किसी प्रक्रिया के नॉमिनी के खाते में पूरी राशि ट्रांसफर हो जाएगी इसी तरह से मोबाइल के संबंध में भी लोगों को बताया गया कि अपने-अपने खाते में मोबाइल नंबर जरूर दर्ज कर दें ताकि आपके अकाउंट की पूरी जानकारी समय-समय पर प्राप्त होती रहे सरकार द्वारा जन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की व्यवस्था हर बैंकों में की गई है 18 वर्ष से 70 वर्ष के बीच के हर महिला पुरुष प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा अपने बैंक से करा सकते हैं साल भर में मात्र 20 खाते से काटते हैं और 200000 का दुर्घटना बीमा मिलता है जो की एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच के हर महिला पुरुष अपने बैंक से जुड़कर करा सकते हैं साल भर में 436 कटते हैं और सामान्य मृत्यु होने पर भी 200000 नॉमिनी को मिलते हैं इसी तरह से अटल पेंशन योजना जिसको की बुढ़ापे की लाठी कहा जाता है 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हर महिला पुरुष करा सकते हैं 60 वर्ष तक पैसे देने होते हैं और उसके बाद पैसा देना बंद पेंशन चालू जब तक आवेदक जीवित रहा तब तक पेंशन मिलेगी उसके बाद नॉमिनी को उतनी ही पेंशन मिलेगी और दोनों लोगों की मृत्यु होने के पश्चात 850000 उनके बच्चों को दी जाएगी जो की बहुत बड़ी रकम है इसी तरह सरकार द्वारा संचालित बहुत सारी योजनाएं हैं परंतु जानकारी के अभाव में जितना लाभ मिलना चाहिए उतना नहीं मिल पाता इसलिए यह गांव-गांव में कैंप लगाए जाते हैं ताकि आप लोग जागरुक हो और बैंक से जुड़कर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम पंचायत की सरपंच ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत के अंतर्गत जो आज कार्यक्रम हुआ इससे बहुत कुछ योजनाओं की जानकारी मुझे हुई और हम अपने हितग्राहियों से आशा करते हैं कि आप सभी बैंक से जुड़कर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष कुमारी जैसवाल आशा कार्यकर्ता विमला कुशवाहा गीता तिवारी सहायिका मीना विश्वकर्मा छोटी प्रजापति जल जीवन मिशन से मनीष सिंह हितग्राहियों में प्रमुख रूप से गायत्री कुशवाह राजमणि कुशवाहा हीरालाल जायसवाल दिनेश कुशवाहा राजू कुशवाहा सोभनाथ कुशवाहा नर्मदा कुशवाहा शीला कुशवाहा सुमित्रा कुशवाहा प्रमिला साकेत कन्हैयालाल कुशवाहा शेषमणि कुशवाहा राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा इंद्रमणि कुशवाहा शहित कई अन्य हितग्राही उपस्थित रहे।